StudentBounty.com

**MODEL QUESTION PAPER - 2004-2005**

PART - II

**HINDI - PAPER II**

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 100**

**निर्देशः** 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2. निबंधात्मक और लघु उत्तर वाले प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

3. अति लघु उत्तर वाले सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

4. जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम से लिखिए, अन्यथा उन्हें जाँचा नहीं जायेगा।

**खण्ड (क) - 60 अंक**

1) निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए :- **5+5 = 10 Marks**

अ) रहिमन पानी रखिए, बिन पानी सब सून।
पानी गए न ऊबरै, मोती, मानुष, चून॥

**अथवा**

नर की अरु नल-नीर की, गति एकै करि जोइ।
जेतौ नीचै है चलै, तेतौ ऊँचौ होइ॥

आ) ओ, मौन तपस्या-लीन यती।
पल-भर को तो कर दृगोन्मेष।
रे ज्वालाओं से दग्ध, विकल।
है तड़प रहा पद पर स्वदेश।

StudentBounty.com

**अथवा**

दाने आए घर के अन्दर कई दिनों के बाद
धुआँ उठा आँगन से ऊपर कई दिनों के बाद
चमक उठी घर भर की आँखें कई दिनों के बाद
कौए ने खुजलाईं पाँखें कई दिनों के बाद।

2) किन्हीं **दो** गद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए :- **5+5 = 10 Marks**

अ) हमारे सरोवरों को हमारी स्वार्थी पीढ़ी ने नष्ट कर दिया।

आ) ईश्वर करे कि पिछड़े हुए गाँवों में उजड़ते हुए घर-घर में रतनू जैसे रतन पैदा हो काका!

इ) इसे ले जाओ और पद्रह बेंत लगाकर छोड़ दो।

ई) मर्दों की अपेक्षा औरतें अपने को परिस्थिति के साँचे में ज्यादा और जल्द ढाल सकती हैं।

3) किसी **एक** कविता का सारांश लिखिए :- **1x8 = 8 Marks**

1. हिमालय के प्रति
2. क्या पूजन क्या अर्चन रे!
3. अकाल और उसके बाद

4) किसी **एक** पाठ का सारांश लिखिए :- **1x8 = 8 Marks**

1. पर्यावरण संरक्षण
2. चन्द्रशेखर आजाद
3. असाध्य रोग - एड्स

5) अ) 'निर्मला' उपन्यास में वर्णित सामाजिक समस्याओं की चर्चा कीजिए। **1x8 = 8 Marks**

**अथवा**

निर्मला की मनोव्यथा पर प्रकाश डालिए।

StudentBounty.com

आ) किसी **एक** पात्र का चरित्र चित्रण कीजिए। **1x4 = 4 Marks**

1. तोताराम
2. रुक्मिणी
3. मंसाराम

6) एक-एक वाक्य में उत्तर दीजिए। **1x12 = 12 Marks**

1. रहीम किसके सेनापति और मन्त्री थे?
2. बिहारी की प्रसिद्ध रचना क्या है?
3. हिमालय किसके माथे का मुकुट है?
4. 'निस्तब्ध निशा'-किसका प्रतीक है ?
5. 'चिपको आंदोलन' कहाँ चलाया गया ?
6. 'गाँव का ईश्वर'-पाठ का लेखक कौन हैं ?
7. चन्द्रशेखर आजाद के माँ-बाप कौन थे ?
8. मंगर के शरीर का रंग कैसा था ?
9. 'निर्मला' उपन्यास के लेखक कौन है ?
10. रुक्मिणी कौन थी ?
11. निर्मला के आभूषण किसने चुराये थे ?
12. सुधा के पति का नाम क्या था ?

## खण्ड (ख) - 40 अंक

7) **किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :-** **1x8 = 8 Marks**

(1) पुस्तकालय  (2) विद्यार्थी और अनुशासन

(3) राष्ट्रभाषा हिंदी  (4) बेकारी की समस्या

StudentBounty.com

8) (अ) कारक चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :- **1x5 = 5 Marks**

1. राम --------- किताब पढ़ी।
2. हम --------- हिंदी सीखनी चाहिए।
3. गोपाल --------- बेटी होशियार है।
4. कलम --------- स्याही है।
5. पेड़ ---------- फल गिरता है।

**आ) सूचना के अनुसार काल बदलिए :-** **1x3 = 3 Marks**

1. गोपाल रोटी खाता है। (भूत काल में बदलिए।)
2. कमला गीत गायेगी। (वर्तमान काल में बदलिए।)
3. इब्राहीम दिल्ली से आया (भविष्य काल में बदलिए।)

**इ) वाच्य बदलकर लिखिए :-** **1x2 = 2 Marks**

1. रहीम किताब खरीदता है।
2. राधा से पूजा की गयी।

**ई) किन्हीं तीन का सन्धि-विच्छेद कीजिए :-** **1x3 = 3 Marks**

(1) कवीन्द्र (2) सुरेश (3) सदैव (4) प्रत्युपकार (5) दुश्चरित्र

**उ) किन्हीं तीन के समास बताइये :-** **1x3 = 3 Marks**

(1) पंचवटी (2) राम-लक्ष्मण (3) नीलकंठ (4) राजपुत्र (5) पीताम्बर

**ऊ) किन्हीं दो मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-** **1x2 = 2 Marks**

(1) अंग-अंग ढीला होना (2) आकाश-पाताल का अंतर

(3) किताबी कीड़ा (4) गागर में सागर भरना

StudentBounty.com

**ऋ) किन्हीं दो लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए।** **1x2 = 2 Marks**

(१) अन्धों में काना राजा (२) अन्धेरे घर का उजाला

(३) ऊखरी में सर दिया तो मूसल से क्या डरना

(४) ऊँट के मुँह में ज़ीरा

9) अ) जोड़ियाँ बनाइयेः- **1x5 = 5 Marks**

१) मीराँ - अ) निर्मला

२) रसखान - आ) हमारा देश

३) अज्ञेय - इ) कृष्ण भक्त

४) दिनकर - ई) बैरम खाँ

५) प्रेमचन्द - उ) हिमालय के प्रति

आ) निम्नलिखित परिच्छेद को एक तिहाई (१/३) में संक्षिप्त कीजिए :- **1x7 = 7 Marks**

समाज साधारणतः तीन वर्गों में बँटा हुआ बताया गया है - उच्च वर्ग, मध्यम वर्ग और निम्न वर्ग। लेकिन महत्व की दृष्टि से वर्गों का यह क्रम उलट देना होगा। अर्थात् तब निम्न वर्ग सबसे पहले आयेगा और अन्य वर्गों की अपेक्षा अधिक महत्वपूर्ण प्रमाणित होगा। वही वर्ग समाज रूपी शरीर की नस है जिससे होकर शुद्ध और उष्ण रक्त समाज के शरीर में दौड़ता है और उससे जीवन की लाली और उष्णता कायम रहती है। यदि श्रम करने वाला यह वर्ग न हो तो समाज पांडु रोग से पीडित् हो जायेगा। भारतीय समाज में निम्न वर्ग के इस महत्व को ध्यान में रखकर ही महात्मा गान्धी या अन्य राजनैतिक नेताओं ने इसे अपना सर्वप्रमुख लक्ष्य बनाया है।